Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of india/ Hindustan times/ Denik jagran / Amar ujala/ Navbharat times Hindustan hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year**-15 **Issue**- 10
Ghaziabad, Sunday, 06 August- 2023

06 August to 12 August- 2023

**Page:** 8

**Postal Registration No:** UP/GZB- 80/2016-18
**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
www.tbcgzb.com
Email: editor@tbam.co.in

Page 2


Page 5


Page 7


# बारिश और बाढ़ के बाद अब बीमारियों ने दी गाजियाबाद में दस्तक

## डेंगू और टायफायड से दो की मौत, बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं अस्पताल






**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** बारिश और बाढ़ के बाद अब बीमारियों ने गाजियाबाद में दस्तक दे दी हैं। पिछले सप्ताह डेंगू से एक युवा कारोबारी की मौत हो गई। जबकि गुरुवार को टायफाइड से सिक्योरिटी कर्मचारी की मौत हो गई। बारिश और बाढ़ के बाद जिले में आई फ्लू के मामलों में अचानक तेजी आई है। हजारों की संख्या में लोग आई फ्लू की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

जिला एमएमजी अस्पताल में भीड़ का आलम यह है कि ओपीडी में डॉक्टर दरवाजा बंद कर चले गए। पिछले एक सप्ताह से वायरल के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। प्रभावित इलाकों में मरीजों की सैंपलिंग हो रही है और एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। उधर, गाजियाबाद में डेंगू के अब तक 39 केस मिल चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉक्टर आरके गुप्ता ने बताया, नंदग्राम क्षेत्र में राधा कुंज निवासी 29 वर्षीय मोहित मावी एक सिक्योरिटी कंपनी में कार्यरत था। 31 जुलाई को मोहित को बुखार, उल्टी और पेट दर्द की समस्या हुई। परिजनों ने नजदीक के बंगाली डॉक्टर को दिखाकर मेडिसिन ले ली। ब्लड जांच में प्लेटलेट्स सिर्फ 27 हजार पाए गए। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजनों ने मोहित को 2 अगस्त की रात 9 बजे सेंट जोजफ मरियम अस्पताल नंदग्राम में एडमिट कराया। यहां पर हुई जांच में मरीज को टायफाइड, जॉनडिस के लक्षण पाए गए। 3 अगस्त को मोहित को वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया गया। यहां हालत में सुधार नहीं होने पर मरीज को 4 अगस्त की सुबह 4 बजे फोर्टिस अस्पताल दिल्ली के लिए रेफर किया गया। अस्पताल पहुंचते ही उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं जिले में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को एक और युवक की बुखार के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों के अनुसार युवक को डेंगू था। अस्पताल में रेपिड किट से डेंगू की जांच हुई थी जो पॉजिटिव थी, डॉक्टरों ने भी डेंगू पॉजिटिव बताया था। हालांकि स्वास्थ्य विभाग इससे इनकार कर रहा है। वहीं, शुक्रवार को जिले में डेंगू के 5 नए मरीजों की पुष्टि की गई। इनमें दो बच्चों भी शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, नेहरू नगर थर्ड में 42 वर्षीय व्यक्ति, घूकना के पास 24 वर्षीय युवक, रेल विहार इंदिरापुरम में 10 वर्षीय बच्ची, शिप्रा सन सिटी में 6 वर्षीय बच्ची और नीतिखंड थर्ड में 74 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति में डेंगू संक्रमण की पुष्टि हुई है। सभी मरीजों का उपचार चल रहा है। खतरे को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एक बार फिर शिक्षण संस्थानों से स्टूडेंट्स को हाफ शर्ट ओर पैंट पहनकर न आने के लिए कहा है। पिछले सप्ताह डेंगू की चपेट में आने से युवा कारोबारी आयुष गोयल की मौत हो गई। उसे नेहरूनगर स्थित यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. मनोज चतुर्वेदी ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में डेंगू मरीजों के बेड रिजर्व करने से लेकर दवाओं और प्लेटलेट्स की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं। एमएमजी, कंबाइंड और महिला अस्पताल में भी डेंगू मरीजों के लिए फिलहाल 10-10 बेड रिजर्व किए गए हैं। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डासना, लोनी, मुरादनगर, मोदीनगर, ब्लॉक पीएचसी भोजपुर में पांच-पांच बेड रिजर्व करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही शहरी और ग्रामीण इलाके के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बुखार के मरीज आने पर अनिवार्य रूप से डेंगू जांच करवाने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी पर दवाओं का अतिरिक्त स्टाफ रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### लगातार बढ़ रही हैं संख्या

मंगलवार को एमएमजी अस्पताल में 2237 मरीजों का पंजीकरण हुआ। इनमें से 920 महिलाएं और 905 पुरुष मरीज थे। उल्टी-दस्त और बुखार से पीड़ित 392 बच्चों का बाल रोग ओपीडी में इलाज हुआ। फिजिशियन की ओपीडी में आए 274 मरीजों को तेज और 251 को सामान्य बुखार था। उल्टी दस्त और पेट दर्द के 600 मरीजों को ओपीडी से दवा उपलब्ध कराई गई। इमरजेंसी में 112 मरीजों को भर्ती किया गया। संयुक्त अस्पताल में 850 मरीजों का पंजीकरण हुआ। इनमें 23 मरीज भर्ती किए गए। 12 को बुखार और 11 मरीज उल्टी-दस्त वाले थे।

### लार्वा की जांच में तेजी

जिले में संचारी रोग अभियान के दौरान 150 स्थानों पर डेंगू लार्वा मिल चुका था और उसके बाद से 70 से ज्यादा स्थानों पर डेंगू लार्वा मिल चुका है। विभाग की ओर से पुलिस कमिश्नर, जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, विकास भवन आदि को पत्र जारी किया गया है। इसके साथ ही पुलिस लाइन में सर्वे भी शुरू किया गया है। पुलिस लाइन में पिछले कई वर्षों में बड़े पैमाने पर कूलर, गमलों, एसी और टूटे बर्तनों में डेंगू लार्वा मिला था।

## TIRUPATI EYE

### किसानों को देसी गायें देगी योगी सरकार

**लखनऊ।** यूपी सरकार 'नंदिनी कृषक समृद्धि योजना' का प्रस्ताव लेकर आ रही है। इसके तहत किसानों और पशुपालकों को 25 देसी उन्नतशील नस्ल की गायें उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे किसानों की आय में सुधार होगा। साथ ही दुग्ध उत्पादन में बढ़ोतरी होगी, जिससे श्वेत क्रांति का सपना साकार होगा।

किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे अच्छे स्त्रोतों के तौर पर उभरा है। गाय-भैंस पालन के लिए किसानों को लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। कई योजनाओं के माध्यम से किसानों को बकायदे मवेशी खरीदने के लिए आर्थिक मदद भी दी जाती रही है। यूपी में योगी आदित्यनाथ सरकार जल्द ही पशुपालकों को एक तोहफा देने जा रही है। उत्तर प्रदेश में नंदिनी कृषक समृद्धि योजना की शुरूआत होने वाली है। नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत इस योजना की शुरूआत की जा रही है। हाल ही में मंत्री धर्मपाल सिंह ने इस बारे में जानकारी भी दी थी। सरकार 'नंदिनी कृषक समृद्धि योजना' का प्रस्ताव लेकर आ रही है. इसके तहत किसानों और पशुपालकों को 25 देसी उन्नतशील नस्ल की गायें उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे किसानों की आय में सुधार होगा।

**BUREAU OFFICE**
**PRATEEK BHARGAVA**
BUREAU CHIEF
Add: Plot No- 516, Sector 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)
Mo.: 8130640011
e-mail: prateekb@tbcgzb.com
Contact for Press Release and Advertisements

# टमाटर पहुंचा रु. 300 पार

## आम लोगों के साथ खास लोगों की सब्जियों से टमाटर हुआ गायब



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** टमाटर की कीमतें एक बार फिर से चढ़ गई हैं। गाजियाबाद की इंदिरापुरम, वैशाली, वसुंधरा जैसी कॉलोनियों में टमाटर तीन सौ रुपए किलो बिक रहा है। जबकि मदर डेयरी के सफल आउटलेट में गुरवार को इसकी कीमत 259 रुपये किलो थी। दिल्ली में टमाटर कहीं 260 रुपये किलो तो कहीं 280 रुपये किलो बिक रहा है। कहीं कहीं यह 300 रुपये किलो भी बिक रहा है।

गाजियाबाद समेत एनसीआर में टमाटर की कीमतें फिर से बेकाबू हो रही हैं। हालांकि इसकी कीमतों में करीब महीने भर से तेजी जारी है। लेकिन बीच में इसकी कीमतें नरम पड़ी थीं। इसी बीच थोक व्यापारियों ने आने वाले दिनों में इस सब्जी के भाव 300 रुपये प्रति किलो तक पहुंच जाने की आशंका जताई है। गाजियाबाद में कई जगहों पर टमाटर 300 रुपए तक पहुंच गया है। थोक कारोबारियों ने आवक कम होने से टमाटर के थोक दाम बढ़ने की बात कही है। उनका कहना है कि इसका असर खुदरा कीमतों में बढ़ोतरी के रूप में देखने को मिल सकता है।

एशिया की सबसे बड़ी सब्जी मंडी दिल्ली आजादपुर में है। इसी मंडी के एक बड़े टमाटर कारोबारी का कहना है कि पिछले तीन दिनों में टमाटर की आवक कम हो गयी है। आवक कम होने की वजह भारी बारिश है। इसलिए थोक बाजार में ही टमाटर के भाव 160 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 220 रुपये प्रति किलो हो गया है। जिसके कारण खुदरा कीमतें भी बढ़ गई हैं। उनका कहना है कि आने वाले दिनों में भी इस स्थिति में कोई सुधार होता नहीं दिख रहा है।

साहिबाबाद सब्जी मंडी के आढ़ती मोहम्मद युसूफ ने बताया कि दिल्ली एनसीआर में हिमाचल प्रदेश से काफी टमाटर आता था। इस दिनों भू-स्खलन की वजह से हिमाचल में रास्ता बंद है। इसलिए वहां से टमाटर और अन्य फल-सब्जी भी कम आ पा रही है। कुछ लोग लंबे रास्ते से इसे ला रहे हैं, लेकिन सब्जियों को लाने में सामान्य से छह-आठ घंटे अधिक लग रहे हैं। ऐसी स्थिति में टमाटर की कीमत लगभग 300 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि टमाटर और अन्य सब्जियां जो हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र से आती हैं, उनकी क्वालिटी भी खराब हो रही है। उनका कहना है कि सामान्य दिनों में कई दिन तक टमाटर खराब नहीं होते थे। लेकिन इस समय एक दिन बाद ही क्रेट में ही टमाटर सड़ने लगते हैं। इसलिए उसे ज्यादा दिन तक रखना भी संभव नहीं हो पा रहा है। जानकारों का कहना है कि हिमाचल प्रदेश से टमाटर की खेप आने के बाद ही दाम में गिरावट आ सकती है।




## 21 लाख के टमाटर से भरा ट्रक लापता

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के कोलार से 21 लाख रुपए के टमाटर राजस्थान ले जा रहा ट्रक रास्ते से लापता हो गया। ट्रक ड्राइवर और क्लीनर से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है। ट्रक के मालिक ने कहा- ड्राइवर ने अपने साथी के साथ मिलकर टमाटर चुराए हैं। दोनों के खिलाफ कोलार नगर थाने में शिकायत दर्ज करा दी गई है।

ट्रक के मालिक ने बताया कि 27 जुलाई को दो व्यापारियों ने कोलार अढटउ यार्ड से राजस्थान के जयपुर तक टमाटर ले जाने के लिए ट्रक बुक किया था। ट्रक को शनिवार रात जयपुर पहुंचना था, लेकिन सोमवार तक वह अपनी मंजिल पर नहीं पहुंचा। ड्राइवर का फोन भी बंद है, ट्रक के ऑपरेटर से भी संपर्क नहीं हो पा रहा है।

कर्नाटक में 2.5 टन टमाटर से भरा ट्रक हाईजैक हुआ था

इससे पहले 8 जुलाई को कर्नाटक के चित्रदुर्ग से टमाटर से भरा ट्रक हाईजैक हो गया था। इसकी कीमत करीब 3 लाख रुपए बताई गई थी। मल्लेश नाम का किसान ट्रक में टमाटर लेकर कोलार बाजार जा रहा था। रास्ते में ट्रक एक कार से टकरा गया, जिससे कार का शीशा टूट गया।

इसके बाद कार में सवार 3 लोगों ने किसान और ट्रक ड्राइवर को रोक लिया। उन्होंने किसान से मुआवजा मांगा, लेकिन किसान ने कहा कि उसके पास पैसे नहीं है। इस पर कार सवार टमाटर से लदा ट्रक लेकर भाग गए।

### खेत से चोरी हुए थे 2.5 लाख के टमाटर

महिला किसान धारिणी ने ढाई लाख के टमाटर चोरी होने का केस दर्ज कराया था।

महिला किसान धारिणी ने ढाई लाख के टमाटर चोरी होने का केस दर्ज कराया था।

4 जुलाई को कर्नाटक में एक किसान धारिणी के खेत से 2.5 लाख रुपए के टमाटर चोरी हो गए थे। मामला हासन जिले के गोनी सोमनहल्ली गांव का है। यहां चोरों ने रात में खेत से 50-60 बैग टमाटर चुराए थे। धारिणी ने पुलिस में मामले की शिकायत की थी। उसने बताया कि जब चोरी हुई, तब टमाटर 120 रुपए किलो से ऊपर था।

## क्या कहती हैं गृहणियां

### दही का प्रयोग कर रही हूं



टमाटर की कीमत ने घर का बजट बिगाड़ दिया है। बढ़ती कीमत से सबसे ज्यादा परेशान गृहणियां हैं। टीबीसी न्यूज ने इस मुद्दें पर कई गृहणियों से बात की।

इंश्योरेंस सेक्टर में काम करने वाली वंदना भार्गव ने कहा कि बारिश और बाढ़ से फसल खराब हो गई है लेकिन गृहणियों को इससे कोई मतलब नहीं है। गृहणियां सिर्फ कीमत देखती है। टमाटर के दाम बढ़ने से गृहणियां परेशान है। सब्जियों से टमाटर गायब हो गया है। दरअसल टमाटर को स्वाद के लिए दिया जाता है। टमाटर के विकल्प के रूप में दही या इमली का प्रयोग हो रहा है लेकिन इससे वो स्वाद नहीं आ रहा है जो टमाटर से आता है।

### सपने में आते हैं टमाटर



कोमल भार्गव ने बताया कि सिर्फ टमाटर ही नहीं, बल्कि दालों की कीमत भी आसमान छू रही है। दालों के अलावा सब्जियों की कीमत भी आसमान पर है। सब्जियों की कीमत में आग लगी है। ऐसी कोई भी सब्जी नहीं है, जिसकी कीमत कम हो। अब तो टमाटर सपने में आते हैं। बाजार में पांच सौ रुपए का नोट ले कर जाओ तो पहले बैग भर कर सब्जी आ जाती थी लेकिन अब तो आधे बैग भर भी सब्जी नहीं आ पाती है। टमाटर, प्याज, अदरख, मिर्ची, परवल के दाम आसमान छू रहे हैं। मुझे नहीं लगता है कि आने वाले दो तीन महीनों में सब्जियों के दाम घट सकते हैं।

### पाकिस्तान क्या भारत का हाल देखो




नीता भार्गव का कहना है कि अभी कुछ दिन पहले तक हम भारत के लोग पाकिस्तान में सामानों की कीमत में भारी ऊछाल पर हंस रहे थे। अब वहीं स्थिति भारत में भी बनती दिख रही है। भारत में खाने पीने के सामानों की कीमत में ऊछाल को मौसम और बाढ़ को दोष दिया जा रहा है। बारिश तो हर साल होती है लेकिन इस बार कोई प्लानिंग नहीं थी। सरकार की कोई तैयारी नहीं थी। बारिश के बाद भी दूसरे देशों से टमाटर का निर्यात नहीं किया गया जिस कारण व्यापारियों ने टमाटर की जमाखोरी कर दी। अब जब टमाटर की कीमत तीन सौ पार चली गई तो सरकार को याद आ रहा है।

### सरकार करें वैकल्पिक व्यवस्था



सामाजिक कार्यकर्ता कुनिका भार्गव का कहना है कि टमाटर को लेकर सरकार को वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी तभी समस्या का समाधान हो सकता है। एक ओर सरकार महंगाई को कम करने की बात कह रही है तो दूसरी ओर टमाटर को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। सरकार के पास विकल्प है लेकिन सरकार टमाटर का आयात नहीं कर रही है। दूसरे देशों से सरकार टमाटर मंगा सकती है। या फिर व्यापारियों को टमाटर का आयात करने की छूट देनी चाहिए। आखिर कब तक आम लोग इस तरह से टमाटर को लेकर आंसू बहाते रहेंगे। कुछ सब्जियां ऐसी होती है तो स्वाद के लिए होती है। टमाटर उनमें से एक है। अब अगर सब्जी में टमाटर न गिरें तो स्वाद नहीं बन पाता है। अब तो बर्गर में भी टमाटर नहीं पड़ रहे हैं। ऐसा ही रहा तो लोग टमाटर का नाम और उसका स्वरूप भी भूल जाएंगे। टमाटर ना हुआ सोना हो गया।

# गाजियाबाद भार्गव समाज समिति का तीज महोत्सव 13 अगस्त को



**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** गाज़ियाबाद भार्गव समाज समिति की ओर से 13 अगस्त को हरियाली तीज के मौके पर विशेष महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समिति की सदस्य मनीषा भार्गव ने बताया कि तीज महोत्सव में सभी महिलाएं पारम्परिक वेशभूषा में शामिल होंगी। सबसे अधिक पारंपरिक आभूषणों में सजी महिला को पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा।
महोत्सव में महिलाओं के बीच रोचक प्रतियोगिताएं भी की जाएगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण महिलाओं द्वारा पेश नृत्य, गायन व सावन और तीज से संबंधित कविताएं होंगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए भी कई आर्कषक कार्यक्रम होंगे।
बच्चे श्लोक, दोहा व कविता पाठ करेंगे। महोत्सव में महिलाओं के बीच तंबोला का भी आयोजन होगा। जिसके विजेताओं को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। महोत्सव में भाग लेने के लिए 6 अगस्त तक एंट्री फॉर्म जमा करा सकते हैं। सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट प्रदान जाएंगे।
समिति की सदस्य वंदना भार्गव ने कहा कि यूके रेडियंस बैंक्वेट वेव सिटी मेन गेट में दोपहर ढाई बजे से आयोजित तीज महोत्सव में सावन के झूले, मेंहदी, लकी ड्रॉ इत्यादि का अभी आयोजन होगा। महोत्सव में मदर डॉटर कपल के बीच नृत्य का आयोजन होगा।
महोत्सव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीमती ज्ञान भार्गव, नंदिता भार्गव, मधु भार्गव, मेघना भार्गव और मोनिका भार्गव आदि उपस्थित थीं।
भाग लेने के लिए इन नंबरों पर संपर्क करें- मनीषा भार्गव-9818373200 और वन्दना भार्गव-8800447773

# अवधेश त्यागी बने रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद सेंचुरी के अध्यक्ष

**टीबीसी न्यूज**





**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद सेंचुरी के नये बोर्ड के स्थापना समारोह का आयोजन कमला नेहरू नगर स्थित एनडीआरएफ के ऑफिस में किया गया। समारोह में क्लब के नये बोर्ड को कार्यभार सौंपा गया, जिसमें रोटेरियन अवधेश कुमार त्यागी को अध्यक्ष और रोटेरियन राहुल त्यागी को सचिव पद दिया गया।

इस मौके पर एनडीआरएफ के कमांडेंट पी के तिवारी एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रियतोष गुप्ता मुख्य अतिथि थे। समाज सेवा में रोटरी क्लब के योगदान की प्रशंसा करते हुए एनडीआरएफ के कमांडेंट पी के तिवारी ने कहा कि रोटरी क्लब शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। कोरोना काल में भी रोटरी क्लब ने पीड़ितों की मदद कर अपने सेवा भाव का परिचय दिया। अवधेश कुमार त्यागी ने सभी अतिथियों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से रोटरी क्लब के कार्यों को विस्तार दिया जाएगा। समाज के लिए कुछ काम आ सके उसके लिए सबका सहयोग लिया जाएगा।

स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में और भी काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोटरी के उद्देश्यों को पूरा किया जाएगा।

इस अवसर पर सिल्वर लाइन स्कूल के सुभाष जैन, जेकेजी इंटरनेशलन स्कूल के चेयरमैन जे के गौड़ प्रशांत राज, आशीष मित्तल, संस्कार स्कूल के अमित गुप्ता, रवि बाली, विवेक तोमर, औचित्य त्यागी एवं क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे।




# Editorial

## Violence in Haryana

Haryna's Mewat region, which is dominated by Muslims, witnessed widespread violence on Monday when the Vishwa Hindu Parishad had organised a Brij Mandal Jalabhishek Yatra. Then the yatra was stopped by a group of men near Nuh's Khedla Mod and stones were thrown at the procession. Shortly afterwards, cars were also set on fire. There were reports that the violence broke out after rumours spread of Monu Manesar joining the yatra. Manesar is a cow vigilante who was booked for the murder of two Muslim men whose charred bodies were found in Bhiwani district in February.

However, Monu Manesar claimed that he did not participate in the yatra on the VHP's advice as the group feared that his presence would create tension. Haryana's Nuh-Mewat region has turned out to be a hotbed for fundamentalist Muslims. In recent times, a number of communal clashes reported from the region. At least five persons were killed in the violence on Monday. Several policemen were injured and two home-guards. Hodal Deputy Superintendent of Police Sajjan Singh was shot in the head while an inspector suffered bullet injury to his stomach.

Meanwhile, the Haryana administration continued 'bulldozer action' and razed down several establishments in Tauru, about 20 km from violence-hit Nuh on Saturday. The authorities confirmed that residents of these "illegal" establishments were those involved in the July 31 riots in the area.

Illegal encroachment by illegal immigrants was razed in the area on Friday too. Structures and shanties near Nuh's SKM Government Medical College were demolished earlier on Saturday. The authorities earlier also bulldozed illegal encroachments right in front of the hospital on the way to Nalhar temple.

**Dr. Dheeraj Kumar Bhargava**

# 'Should I do aarti of criminals'

Defending his government's bulldozer action, Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath questioned whether he would do "aarti" of criminals who illegally grabbed government property. He asserted that no riots or curfews happened in the state since he took office in 2017.

Speaking on ANI Podcast with Editor Smita Prakash, Adityanath said that bulldozers and modern machines are required for developing the state.

"If a huge state like Uttar Pradesh should be developed rapidly, do we need shovels and spades in today's era? Earlier, if any work was approved, then the mafia used to come and grab illegal property. Previous governments did not dare take action against the mafia," he said. Asked why his government was demolishing houses of criminals with bulldozers, the Chief Minister replied, "Should I do aarti of those who have illegally grabbed government property? The people of Uttar Pradesh want action against criminals and the mafia."He also refuted allegations that his government was solely targeting criminals belonging to minority communities. "Let a single, innocent Muslim come and tell me that I am facing injustice. And after all, the court is there for all of them."

Adityanath further said the rule of law was equal to everyone, irrespective of religion and security should be guaranteed to the people of the state. with Vande Mataram, Adityanath said that the country will be run as per the Constitution and not dictated by any religion or opinion.

"Your religion and your opinion will be in your own way, in your own houses, in your




places of worship and not creating ruckus publicly on roads. If someone has to live in this country, then they have to hold the nation above anything else, not their religion or opinion. Nation first," he said.

Responding to a question on criticism of his Hindutva image, Adityanath asserted that no riots and curfews had been imposed in the past six years since the BJP government came to power in the state. The Chief Minister compared the situation of his state when panchayat polls and Assembly elections were held without any untoward incidents with that of West Bengal, where massive violence rocked the rural polls last month.

"Trinamool Congress (TMC) wants to make the country West Bengal. We all saw what the situation was there. Opposition party workers were killed there. How could they have functioned there due to the violence," he said.

Adityanath said every individual has the democratic right to contest the polls. He stated that if an opponent candidate has the potential and capability of winning an election, he or she should deserve to win.

## Long term development plan for blocks in UP

**Lucknow.** UP Chief Minister Yogi Adityanath chaired a review meeting of the Planning Department last week, underscoring the need for multidimensional and long-term development in the regions of Bundelkhand and Purvanchal.

The CM emphasized conducting research studies to explore the immense development possibilities in these areas stressing the importance of planned and coordinated efforts to achieve sustainable growth.

During the meeting, Chief Minister Adityanath - the state's commendable efforts in aspirational districts, with six districts from Uttar Pradesh ranking among the top 10 nationwide.

He praised the progress made in the Aspirational District Program, which aims to foster development in identified regions and uplift their socio-economic status.

To further encourage and recognize the best-performing aspirational development blocks, Chief Minister Adityanath announced a reward system.

The development block with the highest overall delta ranking from March 2022 to March 2023 will be rewarded with a cash prize of Rs 2 crore.

The top-performing development blocks in thematic areas such as Health and Nutrition, Education, Agriculture and Water Resources, Finance and Skill Development, and Infrastructure Development will receive financial incentives of Rs 60 lakh each.

Addressing the state's economic growth, Chief Minister Yogi Adityanath expressed satisfaction with the continuous increase in UP's annual income.

The state's Gross State Domestic Product (GSDP) rose from Rs 16,45,317 crore in the financial year 2020-21 to Rs 19,74,532 crore in 2021-22, showing a growth rate of nearly 20 per cent.

He further revealed that the estimated state revenue for the year 2022-23 stands at Rs 21.91 lakh crore, a clear indication of Uttar Pradesh's economic progress under the guidance of PM Modi.

# Plan To Develop Rivers

As per seventh schedule of constitution of India (Article 246), 'Water' is a State subject, and it is the responsibility of the State/UTs to ensure the development of rivers within their jurisdiction. This Ministry supplements the efforts of State Governments on cost-sharing basis through various schemes.

The Modi Government has launched Namami Gange Programme (NGP) and National River Conservation Plan (NRCP) for rejuvenation of river Ganga and its tributaries, and other rivers including rainfed rivers. NGP provides support to States in river Ganga basin, namely, Bihar, Chattisgarh, Haryana, Himachal Pradesh, Jharkhand, Madhya Pradesh, Rajasthan, Uttarakhand, Uttar Pradesh, West Bengal and the National Capital Territory of Delhi. Under NGP, diverse set of coordinated activities towards treatment of municipal sewage, treatment of industrial effluent, drain bio-remediation, river surface cleaning, rural sanitation, river front development, ghats and crematoria



development, afforestation and biodiversity conservation, public outreach programme, etc have been undertaken. NRCP provides coverage to remaining States on cost-sharing basis between Central and State/

Union Territories for plantation along rivers, improvement of ghats, setting up of improved crematoria as well as development of sewerage infrastructure.

The Ministry of Rural Development in consultation and agreement with the Department of Water Resources, RD & GR and the Ministry of Agriculture & Farmers' Welfare has developed an actionable framework for Natural Resources Management (NRM), titled 'Mission Water Conservation" to ensure gainful utilization of funds.

The framework strives to ensure synergies in Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS), Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana (PMKSY), erstwhile integrated Watershed Management Programme (IWMP) now PMKSY Watershed Development Component and Command Area Development & Water Management (CADWM), given their common objectives. Types of common works undertaken under these programmes/ schemes are water conservation and management, water harvesting, soil and moisture conservation, groundwater recharge, flood protection, embankments, land development, Command Area Development & Water-shed Management.

# संगल कला ग्रुप ने किया गायन प्रतियोगिता का आयोजन





टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** शहर के उभरते गायकों को राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए मंच प्रदान करने के उददेश्य से संगम कला ग्रुप की ओर से गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वसुंधरा स्थित एसजी पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि भातखंडे संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य पं. हरिदत्त शर्मा ने प्रतिभागियों को हार-जीत की चिंता किए बिना ऐसे आयोजना में भाग लेना चाहिए। गायक और गायिका जितनी साधना करेंगे, उनकी गायकी में और भी चमक आएगी। कार्यक्रम के आयोजक अरुप रॉय ने कहा कि प्रतियोगिता को तीन वर्गों-सब जूनियर, जूनियर और सीनियर में बांटा गया था। प्रत्येक वर्ग से तीन-तीन विजेताओं का चयन किया गया, जो अक्टूबर में दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में होने वाले मेगा फाइनल में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि संगम कला ग्रुप से सिनेमा जगत के कई नामचीन गायक और गायिकाएं जुड़े हुए हैं।




मेगा फाइनल में सुनीधी चौहान, जावेद अली, सोनू निगम, श्रेया घोषाल जैसे गायक और गायिका शिरकत करेंगे। मेगा फाइनल के विजेताओं को सारेगामा में गाने का मौका मिलेगा। प्रतियोगिता में 90 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। तीन सदस्यीय कमेटी जिनमें शोभा मंगला, चंद्रमोहन और ओंकारनाथ भा-रद्वाज शामिल थे, ने विजेताओं के नामों को फाइनल किया। इस मौके पर पार्षद नरेश भाटी, रमनराज खन्ना, विभा खन्ना, संजीत मुखर्जी आदि उपस्थित थे।

# 23 साल की युवती ने 80 साल के बुजुर्ग को डंडों से पीटा, शिकायत पर गईं जेल



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** मंगलवार देरशाम को शहर में एक ऐसा वाक्या हो गया, जिससे समाज का सिर शर्म से झूक गया। एक अस्सी साल के बुजुर्ग की लाठी  डंडों से जमकर पिटाई कर दी गई। पिटाई करने वाला कोई आदमी नहीं है बल्कि 23 साल की युवती है। बुजुर्ग का दोष सिर्फ इतना था कि उन्होंने युवती से अपने पालतू कुत्ते को कही और खिलाने को कहा था। पूरी घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। शिकायत पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर युवती को गिरफ्तार कर लिया गया है।

थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में स्थित पंचशील सोसायटी में रहने वाले बुजुर्ग रूप नारायण मेहरा (79 वर्ष) को डंडे से पीटने वाली सिमरन (23 वर्ष) को जेल भेज दिया गया है। घटना के बाद भी सिमरन को अपने किए पर पछतावा नहीं है।

पूरा मामला कुत्ते को खाना खिलाने के चलते हुआ था। मंगलवार देर शाम सिमरन सोसाइटी में कुत्तों को खाना खिला रही थी। तभी बुजुर्ग रूप नारायण के टोकने पर सिमरन आपे से बाहर हो गई और उसने डंडे से बुजुर्ग रूप नारायण की पिटाई कर दी। इस बीच कुछ लोगों ने रूप नारायण को बचाने की कोशिश की, लेकिन सिमरन ने किसी की नहीं मानी और बुजुर्ग के साथ लगातार गाली गलौज और मारपीट करती रही।

इस घटना का एक वीडियो वायरल हो गया था। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में पुलिस ने मामला दर्ज कर बुजुर्ग के साथ मारपीट की आरोपी सिमरन को जेल भेज दिया।

गाजियाबाद में कुत्तों को लेकर आएदिन विवाद होते रहते हैं। युवती और बुजुर्ग दोनों इसी सोसाइटी में रहते हैं। एसीपी वेब सिटी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि थाना क्रासिंग रिपब्लिक क्षेत्रान्तर्गत पंचशील सोसाइटी का एक वीडियो संज्ञान मे आया है। इसमें एक महिला ने बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट की गई है। वीडियो का संज्ञान लेते हुये एफआईआर दर्ज कर महिला को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद बुधवार को युवती को जेल भेज दिया गया।



## करियर की बातें टीबीसी के संग

# आग को करियर बना सफल हो रहे युवा



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** आजकल आग से खेलने को भी युवा अपना करियर बना रहे हैं। फायर में कई तरह के डिप्लोमा और ग्रेजुएशन करके युवा आग को मात देकर करियर में सफलता की सीढ़िया चढ़ रहे हैं।

फायरमैन वह व्यक्ति होता है जो सीधे सीधे आग से जूझता है। फायरमैन की टीम हर फायर स्टेशन में तैनात होती है। स्टेशन ऑफिसर, किसी फायर स्टेशन का प्रमुख स्टेशन ऑफिसर होता है जो न सिर्फ फायर स्टेशन की टीम को लीड करता है बल्कि इस बात की पूरी जानकारी रखता है कि उसकी जिम्मेदारी के दायरे में आने वाले इलाके में किस तरह की इमारते हैं। फैक्ट्रियां हैं, रिहाइशी इलाका है जहां आग लग सकती है। असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर, पूरे राज्य को अलग अलग डिविजनों में बांटा जाता है और हर डिविजन की जिम्मेदारी असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर की होती है जो कार्य और इलाके के फैलाव के हिसाब से कई हो सकते हैं। इलाके में बनने वाली इमारतों में आग बुझाने के इंतजाम सही हैं या नहीं यह देखने सुनने की जिम्मेदारी इन्हीं की होती है। डिविजनल ऑफिसर, डिविजअक्सर कहा जाता है कि आग से मत खेलो, जल जाओगे। लेकिन आग से खेलना करियर के लिए ठंडक जरूर दे सकता है। इस बात का दावा तो कोई नहीं कर सकता कि आग लगेगी या नहीं। आग नहीं लगी तो कोई संकट नहीं लेकिन लग गई तो उसे बुझाने के लिए ऐसा आदमी या ऐसी टीम चाहिए जो आग की किस्म, आग लगने के कारण, आग बुझाने के तरीके, आग बुझाने के सामान, और आग में घिरे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के हुनर की जानकारी रखते हो। जाहिर है यह ऐसी जानकारी नहीं है जिसे यूंही पूछकर या पढ़कर जान लिया जाए।

**डिप्लोमा करके पहुंचे लीडिंग पद पर**

इसकी पढ़ाई भी होती है और इसका प्रशिक्षण भी दिया जाता है। ऐसे में जो युवा चाहते हैं आग से खेलते हुए करियर की बुलंदी तक पहुंचना वे डिप्लोमा करके पदों तक पहुंच सकते हैं। लीडिंग फायरमैन, फायरमैन बनने के बाद विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर लीडिंग फायरमैन डाप्ली१ की जिम्मेदारी भी वही होती है जो असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर की होती है और तीन असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर पर एक डिविजनल ऑफिसर होता है।

डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर, पूरे फायर डिपार्टमेंट के समन्वय, कार्य, क्षेत्र विभाजन व अन्य प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ यह सुनिश्चित करना कि पूरा फायर डिपार्टमेंट हर परिस्थिति से निपटने के लिए सक्षम है, डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर जैसा अधिकारी ही देखता है। पूरे राज्य में आग लगने की घटनाएं कम से कम हों और आग लगने पर उससे किस तरह पूरी तैयारी के साथ निपटना है चीफ फफायर ऑफिसर की लीडरशिप तय करती है।

**यहां करें जानकारी**

दिल्ली कॉलेज ऑफ फायर सेफ्टी इंजीनियरिंग के डायरेक्टर जेडएस लाकड़ा के मुताबिक इसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। फायर इंजीनियर की जरूरत अग्निशमन विभाग के अलावा आर्किटेक्र और बिलिंडग निर्माण, इंश्योरेंस एसेसमेंट, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, रिफाइनरी, गैस फैक्ट्री, निर्माण उद्योग, प्लास्टिक, एलपीजी तथा केमिकल्स प्लांट, बहुमंजिली इमारतों व एयरपोर्ट हर जगह इनकी खासी डिमांड है।

## सीमा की वजह से अतीक अहमद की बीवी को नुकसान





टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** नेपाल बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान से भारत आई सीमा हैदर की वजह से कुख्यात माफिया अतीक अहमद की पत्नी को करीब 12 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन नेपाल के एक माफिया को अपनी करोड़ों रुपए की जमीन बेचने वाली थी। जिसको बेचने के लिए डील चल रही थी, लेकिन सीमा हैदर मामला आने के बाद सारी एजेंसियां एक्टिव हो गई। जिसकी वजह से शाइस्ता की यह डील कैंसिल हो गई।

बताया जा रहा है कि आर्थिक रूप से परेशान शाइस्ता अपनी संपत्ति को बेचने की फिराक में है। इस डील में वकील विजय मिश्रा का नाम भी शामिल है। हालांकि कुछ समय पहले ही पुलिस ने विजय मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि विजय मिश्रा इस समय लखनऊ और प्रयागराज में स्थित अतीक अहमद की बेनामी संपत्ति के लिए खरीदार को खोज रहा था। जिसको खरीदने के लिए नेपाल का एक माफिया खरीदार सहमत हो गया।

बताया जाता है कि नेपाल का यह खरीदार शाइस्ता से बातचीत करना चाहता था। इसी को लेकर बीते 26 जुलाई को इनकी मीटिंग तय थी, लेकिन सीमा हैदर का मामला आने की वजह से सारी एजेंसी अलर्ट हो गई है। भारत-नेपाल बॉर्डर की सभी सीमा पर हाई अलर्ट जारी हो गया था। जिसकी वजह से अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन की जमीन नहीं बिक पाई।

वहीं पुलिस अभी तक शाइस्ता के बारे में जानकारी नहीं जुटा सकी है। ना ही गुडडू बमबाज के बारे में ही कोई जानकारी है। दोनों की तलाश जारी है।

## किसानों के लिए वरदान साबित होगी रैपिड रेल

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल किसानों के लिए वरदान साबित होगी। किसानों को इस प्रोजेक्ट से बड़ा फायदा होने वाला है। दरअसल, रैपिड रेल का निर्माण करने वाली कंपनी एनसीआरटीसी ने किसानों के लिए कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किया है। यह कोल्ड स्टोरेज मोदीपुरम स्टेशन के पास उढफ्क्रकैंपस में बनाया गया है। जिसमें किसानों को सुविधा दी जाएगी।

एनसीआरटीसी ने 2021 में मोदीपुरम स्टेशन के निर्माण के लिए सीपीआरआई से जमीन ली थी। इसी जमीन पर स्टेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस जमीन के एवज में एनसीआरटीसी और सीपीआरआई के बीच में जो देय मूल्य तय हुआ था, उतनी ही राशि में यहां 600 मीट्रिक टन की क्षमता वाला पोटैटो कोल्ड स्टोरेज बनाने के लिए समझौता हुआ था, जिसके तहत एनसीआरटीसी ने कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किया है।

इस कोल्ड स्टोरेज को बनाने में पफ पैन पोलियुरिथीन फोम का प्रयोग किया गया है। इसमें हीट इंसुलेशन नियंत्रित होगा। स्टोरेज को ठंडा बनाए रखने के लिए इसमें 4 बड़े रेफ्रीजेरेटिंग सिस्टम लगाए गए हैं। कोल्ड स्टोरेज में 4 डिग्री तक तापमान को मेंटेन किया जा सकता है। इस कोल्ड स्टोरेज में रखे जाने वाली आलू की फसल को नमी से बचाने के लिए इसमें वर्चुअल वुडेन फ्लोर बनाया गया है। यह देखने में लकड़ी के जालीनुमा फर्श जैसा है। इस वर्चुअल वुडेन फ्लोर और जमीन के बीच लगभग एक फुट का फासला है। कोल्ड स्टोरेज के लिए ऑपरेटिंग कार्यालय, विद्युत सप्लाई कक्ष बनाए गए हैं।

## प्रधानमंत्री रविवार को करेंगे गाजियाबाद रेलवे स्टेशन में विकास कार्यों का शुभारंभ




टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अगस्त को गाजियाबाद रेलवे स्टेशन का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। इस परियोजना के तहत गाजियाबाद सहित देश के 508 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों का पुनर्विकास करने की योजना बनाई गई है।

6 अगस्त की सुबह साढ़े नौ बजे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर केन्द्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव, रेल राज्य मंत्री राव साहेब पाटिल, रेल एवं वस्त्र राज्यमंत्री दर्शना जरदोश, स्थानीय सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह के साथ ही जिले के विधायक, महापौर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। गाजियाबाद रेलवे स्टेशन को देश के अग्रणी श्रेणी में लाने के लिए विकसित किया जाएगा। इस परियोजना पर करीब 450 करोड़ की लागत आएगी। इसके तहत स्टेशन के प्रवेश द्वार से लेकर प्लेटफार्म, वेटिंग रूम, टिकट बुकिंग रूम, यात्री सुविधा, लिफ्ट, स्वचालित सीढ़ियां, अधिकारियों के कक्ष, स्टेशन पर आवागमन के रास्ते, पार्किंग, फूड कोर्ट, हाईटेक सिस्टम को डेवलप किया जाएगा। जानकारी के अनुसार परियोजना के कार्यों के टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। पीएम द्वारा शिलान्यास के उपरांत काम शुरू हो जाएगा। कार्य पूरा करने के लिए 2025 तक का लक्ष्य रखा गया है। कायाकल्प के बाद गाजियाबाद रेलवे स्टेशन देश के बेहतरीन स्टेशन की श्रेणी में शुमार हो जाएगा। 6 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर स्टेशन पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंच लगाने की व्यवस्था से लेकर मंत्रियों के आगमन, सुरक्षा और यात्रियों की सुविधा का भी ध्यान में रखकर कार्यक्रम की रणनीति तैयार की गई है। आला अधिकारी भी इस दौरान स्टेशन का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा ले रहे हैं।

# पीडीएस के संग्रह में देशभर में पहले नंबर रहा पश्चिम उप्र




**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** आयकर विभाग द्वारा ई वेरिफिकेशन और थर्ड पार्टी कंप्लेंट को लेकर आईएमएस कॉलेज में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गाजियाबाद जनपद के व्यापारियों ने चार्टर्ड अकाउंटेंट, आयकर वकील एवं आयकर विभाग के अधिकारियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। आयकर विभाग द्वारा ई वेरीफिकेशन को लेकर सभी की शंकाओं का निवारण करके उनकी समस्याओं को दूर किया।

प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त सुशील झा ने बताया कि आज हम सूचनाओं के युग में जी रहे हैं और आयकर विभाग द्वारा समय समय पर सूचना एकत्रित की जाती हैं। सूचनाओं को एकत्रित करने के बाद विभाग द्वारा उन्हें उपयोग में लाया जाता है। सूचना एकत्रित करने के बाद उनको किस तरह से उपयोग में लाया जाता है और किस तरह से सटीक सूचना एकत्रित की जाती है इसके बारे में आज एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसी तरह आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से करदाताओं की समस्याओं का निवारण किया जाता है।

उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अच्छी ग्रोथ कर रही है। जिससे करदाता काफी उत्साहित हैं। और करदाताओं की संख्या में काफी इजाफा हो रहा है। आयकर भी काफी मात्रा में बढ़ा है। उन्होंने बताया की पश्चिमी उत्तर प्रदेश गत वर्ष पीडीएस के संग्रह में देशभर में पहले नंबर रहा वहीं उससे पिछली साल डायरेक्ट टैक्स का ग्रोथ भी नंबर वन था। कार्यक्रम में आए चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं वकीलों का कहना है कि इस कार्यक्रम से हमें बहुत मदद मिली है और इस प्रकार के कार्यक्रम समय समय पर आयोजित होते रहने चाहिए। हम अपनी परेशानियों को आयकर विभाग से सीधे-सीधे बता सकते हैं और उनका निवारण भी करा सकते हैं।

# खादी के उत्पादों को बढ़ावा मिल रहा है




**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** प्रदेश के लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रदेश सरकार हर व्यक्ति के विकास के संकल्पबद्ध है। पिछली बार इस विभाग को 400 करोड़ का बजट मिला था जिसमें बजट की और अधिक जरूरत के चलते इसे 700 करोड़ कर दिया गया।

विकास भवन गाजियाबाद में माटी कला जागरूकता, कार्यक्रम एवं खादी ग्रामो उद्योग व जिला खादी उद्योग की समीक्षा बैठक करते हुए उन्होंने ये बात कहीं। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने राकेश सचान को शॉल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता और चरखा भेंट कर उनका स्वागत किया। जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी संजय श्रीवास्तव विभाग द्वारा जिला में कराये गये प्रगति कार्यों, संचालित योजनाओं सहित सरकार द्वारा लाभार्थियों को मिले लाभों की जानकारी दी।

राकेश सचान ने टूल किट बांटते हुए कहा कि प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा खादी का उत्पादन हो, इसके लिए सरकार द्वारा पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। जल्द ही लोगों को रूई आदि कच्चा माल आपकी डिमांड के अनुसार प्राप्त होगा। प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता है कि किसी भी उपभोक्ता को मिलावटी समान ना मिले। इसके लिए सरकार ने कुछ नियमों में बदलाव किये हैं। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने आयुष्मान कार्ड से सम्बंधित समस्या के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आयुष्मान कार्ड वर्ष 2011 में हुई जनगणना के आधार पर बनाये गये हैं। जनगणना में जिन लोगों की सही जानकारी थी उनके ही आयुष्मान कार्ड बने है और जिनकी जानकारी गलत थी उनके कार्ड नहीं बने हैं। जिनके कार्ड गलत जानकारी देने से बने है उनके कार्ड निरस्त किये जा रहे है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एमएसएमई द्वारा निर्यात में काफी बढ़ोतरी हुई। आज खादी सभी उपभोक्ताओं के लिए आकर्षण बना हुआ है।

कार्यक्रम में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, गाजियाबाद खादी एवं ग्रामोद्योग निदेशक प्रवीण कुमार, सहायक आयुक्त उद्योग जिला उद्योग केन्द्र एवं जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित जनपद की लगभग 90 खादी संस्थाओं द्वारा संचालित विभिन्न रोजगारपरक एवं प्रशिक्षण योजनाओं के लाभार्थियों ने भाग लिया।

# प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल हुए राजनगर एक्सटेंशन डीपीएस के बीस शिक्षक



**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** राजनगर एक्सटेंशन स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल ने भारत मंडपम (इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर), प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम 'अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023' में अपनी चमक बिखेरी। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक नीति 2020 के तीन परिवर्तनकारी वर्षों के सफल समापन का जश्न मनाया गया। स्कूल की प्रिंसिपल पल्लवी उपाध्याय सहित बीस शिक्षकों को इस कॉन्फ्रेंस में भाग लेने का अवसर मिला। 'अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023' में मुख्य अतिथि के रूप में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति रही।

यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शैक्षिक नीति 2020 के तहत शिक्षा क्षेत्र में की गई उपलब्धियों और प्रगति को प्रतिबिंबित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

प्रिंसिपल सुश्री पल्लवी उपाध्याय ने कहा कि अखिल भारतीय शिक्षा समागम 2023' का हिस्सा बनना हमारे स्कूल के लिए एक अत्यंत सम्मान की बात है। इस कार्यक्रम में देशभर के स्कूल और शिक्षकों के साथ बच्चे भी शामिल हुए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक नीति 2020 के परिवर्तनकारी प्रभाव का जश्न मनाया गया और इसने हमें हमारी शिक्षण पद्धतियों और पाठ्यक्रम को और बढ़ाने के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। हमारे शिक्षक एक सफल भविष्य के लिए हमारे छात्रों को सशक्त बनाने के लिए सर्वोत्तम

# केडीबी स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन, बच्चों को दिलाई गई शपथ



**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** कविनगर स्थित के.डी.बी विद्यालय के सभागार में नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद उनका सभी से परिचय कराया।

छात्र-छात्राओं ने उत्साहवर्धक गीत प्रस्तुत किया। गीतों के जरिए छात्र छात्राओं को लोकतंत्र के प्रति निष्ठा व कर्तव्य बोध का संदेश दिया गया। इसके पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या निवेदिता राणा व उप प्रधानाचार्या महोदया नम्रता दुबे को विद्यालय के जूनियर विंग के हेड बॉय व हेड गर्ल ने सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या निवेदिता राणा ने हेड बॉय व हेड गर्ल को अंग वस्त्र से सुसज्जित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को अनुशासन के महत्व की जानकारी मिलती है। ये बच्चे अब दूसरे बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाएंगे। इससे स्कूल में अनुशासन का एक माहौल बनेगा। उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ खेलों के जरिए भी बच्चों को अनुशासित किया जाता है।

हेड बॉय, हेड गर्ल, वॉइस हेड बॉय, हेड गर्ल ने विद्यालय की तीनों कोऑर्डिनेटर को सम्मान स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट किए। इसके पश्चात तीनों सदनों(सद्भावना, संस्कृति, सत्कर्म एवं संस्कार) के अध्यक्ष उपाध्यक्ष व सह संयोजक को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्रधानाचार्या ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को अपने शुभाशीष वचनों द्वारा भविष्य में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# 25 वें ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मलेन के मुख्य पंजीकरण कार्यालय का उद्घाटन







टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित होने वाले 25 वें ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मलेन के रजिस्ट्रेशन के लिए मुख्य पंजीकरण कार्यालय का शुभारंभ किया गया। लोहिया नगर स्थित अग्रसेन भवन में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. गोपाल दत्त शर्मा ने पंजीकरण कार्यालय का उदघाटन किया। इस मौके पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष पं. पितांबर शर्मा और डिप्टी मेयर पं. राजीव शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। संस्था के मुख्य संरक्षक पं. जेके गौड़ ने बताया कि पंजीकरण कार्यालय के खुलने के साथ ही 25वें ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मलेन के लिए पंजीकरण का काम शुरू हो गया।

संस्था के प्रचार सचिव पं. धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि 25 वां ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मलेन परिचय सम्मेलन 28 एवं 29 अक्टूबर को अग्रसेन भवन लोहिया नगर में होगा। सम्मेलन में गाजियाबाद व दूसरे जिलों से विवाह योग्य युवक युवती शामिल होंगे। पंजीकरण कार्यालय के शुभारंभ मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष पं. दयानंद शर्मा, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी, जिलाध्यक्ष पं. जयनन्द शर्मा, महानगर अध्यक्ष पं. सुभाष शर्मा, नरेश पाल कौशिक, नरेन्द्र कुमार शर्मा, सुभाष शर्मा, बुद्ध प्रकाश शर्मा, विष्णु शर्मा, परमानन्द गौड़, वाइस प्रेजिडेंट संदीप शर्मा, हरिओम शर्मा, आदेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. गोपाल दत्त शर्मा ने किया कार्यालय का शुभारंभ

# एनडीआरएफ ने निगम के दो करोड़ के टैक्स जमा कराए

टीबीसी न्यूज



**गाजियाबाद।** नगर निगम इन दिनों टैक्स वसूली करने में सारा जोर दे रहा है। उसकी तिजोरी तेजी से भर रही है। निगम सरकारी संस्थाओं से भी बकाया संपत्ति कर तथा सर्विस चार्ज वसूल रहा है। इस दौरान ऐसे भवन, जिन पर संपत्ति कर बकाया है, उन पर तेजी से वसूली का कार्य चल रहा है। एनडीआरएफ भी दो करोड़ 18 लाख की वसूली बकाया थी। लेकिन, अधिकारियों ने यह धनराशि जमा करा दी है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव सिन्हा ने बताया कि नगर आयुक्त के निर्देश पर राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार के भवनों पर बकाया टैक्स को जमा कराने का प्रयास चल रहा है। गाजियाबाद नगर निगम की सीमा के अंतर्गत राज्य सरकार के भवन, जिनकी संख्या 66 है। उनमें से 36 भवनों से संपत्ति कर 107 करोड़ रुपया वसूला जा चुका है। जबकि केंद्र सरकार के 35 भवन, जिनमें 18 भवनों पर बकाया सहित सर्विस चार्ज लगभग 104 करोड़ 57 लाख है। इसमें से 17 भवनों से वसूली की जा चुकी है। नगर आयुक्त डॉ.नितिन गौड़ निगम की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे है। जबकि गाजियाबाद नगर निगम में कार्य करने वाले ठेकेदारों का पैसा भी निगम को देना होगा बता दें कि सफाई के कार्य और नाली सड़क बनाने के कार्य करने वाले निगम के ठेकेदारों के पिछले 2 वर्षों से पेमेंट नही हुई है। ठेकेदारों का कहना है कि यह रकम लगभग 140 करोड़ बनती है। अपनी रकम को डूबता देखकर निगम के कई ठेकेदार काम नही कर रहे है।

# अथॉरिटी के कर्मचारियों को समय पर आना होगा



टीबीसी न्यूज

**नोएडा।** नोएडा अथॉरिटी के कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचना होगा। कार्यालयों में देरी से आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर अब कार्रवाई की जाएगी। सीईओ लोकेश एम ने निर्देश दिया है। इसे लेकर प्राधिकरण के एसीईओ प्रभाष कुमार के हस्ताक्षर से कार्यालय आदेश जारी किया गया है।

दरअसल, अथॉरिटी का खुलने का समय सुबह 9:30 बजे है लेकिन अधिकतर कर्मचारी और अधिकारी समय पर दफ्तर में नहीं पहुंचते हैं। अधिकारी दफ्तर में आने के बाद समय से पहले घर चले जाते हैं। इससे आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है और प्राधिकरण की छवि भी धूमिल होती है। इस तरह की शिकायतों पर सीईओ ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए सभी विभागों के लिए सख्त आदेश जारी किया है।

नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारी दफ्तर और सड़क पर कितना काम कर रहे हैं, इसकी समीक्षा खुद सीईओ हफ्ते में एक दिन करेंगे। सीईओ को हर हफ्ते कर्मचारियों को रिपोर्ट देनी होगी। अथॉरिटी के अफसरों को हर दिन सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनी होगी। सीईओ का निर्देश है कि किसी भी तरीके की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in
**RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000
**Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)**
Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.